प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी मंत्रियों को आगामी वित्त वर्ष की योजनाओं का रुपरेखा तैयार करने का दिया निर्देश, कहा– योजनाओं से लोगों को मिले लाभ का लें फीडबैक।।
- किसानों से धान क्रय की प्रक्रिया कल से होगी शुरू, राज्य सरकार ने 680 पैक्सों के माध्यम से साठ लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति का रखा है लक्ष्य।
- केंद्र सरकार ने राज्य के पर्यटक स्थलों के विकास के लिए ढ़ाई सौ करोड़ रुपए की दी मंजूरी, पर्यटन विभाग को पर्यटक स्थलों की सूची तैयार करने का निर्देश।
- बोकारो जिला के कसमार थाना स्थित दातू के समीप सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत तीन घायल।।
- रांची में आयोजित राज्यस्तरीय पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप में जैप की क्षेत्रीय टीम बनी विजेता, सभी विजेता ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप में झारखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के सभी मंत्रियों को आगामी वित्त वर्ष में ली जाने वाली योजनाओं की रुपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रियों को जिला तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के साथ सरकार की योजनाओं को लेकर लाभुगों का फीडबैक लेने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने पुराने सरकारी भवनों का बेहतर इस्तेमाल और नए निर्माण से बचने का भी निर्देश मंत्रियो को दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को समय पर प्रोन्नति और उनके स्थानांतरण–पदस्थापन में संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया।

********************

राज्य सरकार किसानों से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया कल से शुरू करेगी। इस वर्ष पैक्सों के जरिए किसानों से साठ लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य है। झारखंड राज्य खाद्य वितरण निगम के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि किसानों से दो हज़ार चार सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदे जाएंगे। इसके लिए एक हज़ार चार सौ चालीस करोड रुपए का प्रावधान है।

********************

राज्य की ग्रामीण तथा पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय ने प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया है. उन्होंने देवघर में विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सभी लंबित योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए।

वहीं, अनुसचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को आदिवासी संस्कृति की परंपराओं पर आधारित कल्याण योजनाएं बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने आदिवासी कल्याण आयुक्त के साथ बैठक में कहा कि कल्याण विभाग के अस्पतालों तथा पहाड़िया स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज की सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

********************

राज्य के पर्यटक स्थलों के विकास पर दो सौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने विशेष वित्तीय सहायता योजना के तहत इस राशि को मंजूरी दे दी है । इसे लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को विकसित किए जाने वाले पर्यटक स्थलों की पूरी सूची उपलब्ध कराने को कहा है ।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर विभाग तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की तथ्यों की जांच के लिए राज्य सरकार ने कमिटी बनाई है। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में गठित कमिटी में संबंधित विभाग द्वारा नामित पदाधिकारी के साथ विधि विभाग तथा एसीबी द्वारा नामित अधिकारी इसके सदस्य होंगे।

*********************

रांची जिले के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग के द्वारा सत्रह दिसंबर से विशेष शिविर लगाया जाएगा। अगले वर्ष इकतीस जनवरी तक आयोजित इस शिविर में स्मार्ट प्री–पेड बिलिंग, मोबाइल नंबर टैगिंग तथा बिजली से संबंधित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकेगी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले में टमाटर की खेती कर किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

*********************

बोकारो जिला के कसमार थाना स्थित दातू के समीप रामगढ़–बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल है। ये सभी बोलेरो वाहन से वापस लौट रहे थे, इसी दरम्यान एक ट्रेलर से टक्कर होने की वजह से यह हादसा हुआ। जरीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल दो लोगों का यहां इलाज चल रहा है, जबकि एक को रेफर किया गया है।

*********************

रांची जिला पुलिस ने उग्रवादी संगठनों के नाम रंगदारी मांगने वाले गिरोह के पांच अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के खिलाफ ओरमांझी थाना क्षेत्र में एक निर्माण कंपनी की साइट पर इन अपराधियों ने फायरिंग करने के साथ एक वाहन को आग के हवाले करने का मामला दर्ज था।

********************

मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो और रामगढ़ सहित राज्य के कई हिस्सों में आज से कोल्ड वेव चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान कई जिलों का न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। जबकि, सवेरे और शाम में कोहरा छाया रहने के साथ कनकनी और बढ़ेगी।

********************

राजधानी रांची के डोरंड़ा स्थित जैप ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप का खिताब जैप की क्षेत्रीय टीम ने जीत लिया है। इस चौंपियनशिप में एक सौ बयालीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिय़ा था। अब इस चौंपियनशिप में विजयी प्रतिभागी ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग चौंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

********************

ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप महिला हॉकी टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का सामना जापान से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम छह बजे से खेला जायेगा। भारत ने अगले वर्ष चिली में होने वाले एफ.आई.एच. जूनियर महिला हॉकी विश्वकप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

********************

- मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के तहत 2 हजार 500 रुपए सम्मान राशि की अगली किस्त 18 दिसंबर को हस्तांतरित की जाएगी।
- राज्य के राशनकार्ड धारियों को अब हर महीने सात किलो अनाज मुफ्त में मिलेगा।
- राज्य सरकार ने जाति और स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुमंडल स्तर पर तीस तथा जिला स्तर पर 15 दिन की समय सीमा निर्धारित कर दी है।
- जेएसएससी के झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में गड़बड़ियों से संबंधित आरोपों की जांच सीआईडी करेगी।
- सरायकेला–खरसांवा जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने जिला पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या कर दी, पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।
- देवघर जिला पुलिस ने बुढ़ई थाना क्षेत्र के सिमरा मोड़ में छापेमारी कर एक साइबर अपराधी को दो मोबाइल फोन तथा तीन सिम कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है।

********************